गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग मे दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 21 एवं 22 दिसंबर 2021 को दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश भर से **200** से ज्यादा भूतपूर्व छात्र एकत्र हुए। किसी भी विश्वविद्यालय के लिए यह एक ऐतिहासिक छड़ होता है जब विभाग के स्थापना वर्ष **1985** से **2009** के बीच अध्ययन कर निकल चुके इतनी संख्या में लोग बड़े उत्साह के साथ एकत्र हुए। सम्मेलन का शुभारंभ दिनांक 21 दिसंबर 2021 को हुआ जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसी कड़ी मे कई पूर्व छात्रों को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। छात्र सम्मेलन के प्रथम दिन शाम को संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमे सभी पूर्व छात्रों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समस्थ पूर्व छात्रों एवं शिक्षकों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे बाहर से आए संगीतकारों (आर्केस्टा बैंड) के द्वारा समस्थ लोगो का मनोरंजन कराया तथा कई पूर्व छात्रों के द्वारा अपने गीत-संगीत एवं अन्य प्रतिभा के द्वारा लोगो का मनोरंजन कराया।

सम्मेलन के दूसरे दिन प्रातः कालीन सत्र में इस सम्मेलन को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण किया गया इसके पश्चात विभाग के पूर्व छात्रों एवं वर्तमान छात्रों का परिचय हुआ तथा पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किया गए। इसके पश्चात पूर्व छात्रों के मध्य विभिन्न खेलो (जैसे-क्रिकेट**,** रस्सा कसी**,** म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन किया गया।

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षण विभाग के भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का समापन दिनांक 22 दिसंबर 2021 को डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी व रजनीश सिंह की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। द्वितीय सत्र में सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक एल्यूमिनी मीट पत्रिका का भी विमोचन किया गया। समापन अवसर पर डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में श्री रजनीश सिंह ठाकुर विधायक बेलतरा उपस्थितरहे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता प्रोफेसर विशन सिंह राठौड़**,** विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ॰ संजीत सरदार**,** वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ संतोष बाजपेई एवं बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ शालिनी मेनन एवं डॉ॰ बसंत अंचल ने किया एवं कार्यक्रम मे आभार प्रदर्शन डॉक्टर आदर्श तिवारी ने किया।

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
BILASPUR (C.G.)
ALUMNI MEET
(21st & 22nd December 2021)
Department of Physical Education

GURU GHASIDAS
ALUMNI MEET
Department of Physical Education

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
BILASPUR (C.G.)
ALUMNI MEET
(21st & 22nd December 2021)

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
BILASPUR (C.G.)
ALUMNI MEET
Department of
Education

सीयू के एलुमनी मीट में 200 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

खेल शिक्षा से कैरियर की नई राहें खुलती हैं

एयू में कुल उत्सव, कवि और कुलपतियों का सम्मेलन कल से

छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षक एसके शर्मा सम्मानित

जमशेदपुर, 25 दिसंबर (रिपोर्टर): गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर कोनी छत्तीसगढ़ स्थित विश्वविद्यालय परिसर के सभागार में पहली बार, 33 वर्षों के उपरांत आयोजित दो दिवसीय शारीरिक शिक्षण विभाग द्वारा आयोजित पूर्व छात्र मिलन समारोह 2021-22 के दौरान शहर के वरीय शारीरिक शिक्षक/प्रशिक्षक श्याम कुमार शर्मा को आयोजन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ॰ कुँवर सिंह
एलूमनी इंचार्ज
शारीरिक शिक्षण विभाग